भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2843

17 मार्च, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष अध्येतावृत्ति

2843. श्री जी.एम.सिद्देश्वर:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में प्रमुख आयुष संस्थानों द्वारा प्रदान किए जाने वाले अध्येतावृत्ति अथवा छात्रवृत्ति कार्यक्रमों के माध्यम से आयुष पाठ्यक्रमों में अध्ययन करने वाले विदेशी नागरिकों की संख्या कितनी है;

(ख) आयुष में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए इस योजना की शुरूआत से अब तक अध्येताओं और उनके मूल देश का वर्ष-वार विवरण क्या है; और

(ग) विदेशों में स्थापित आयुष सूचना प्रकोष्ठों और कार्यरत स्वास्थ्य केंन्द्रों/संस्थाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): आयुष मंत्रालय के आयुष छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति कार्यक्रमों के तहत, देश में प्रमुख आयुष संस्थानों में आयुष पाठ्यक्रमों में अध्ययन करने वाले विदेशों नागरिकों की संख्या 247 है।

(ख): 2016-17 से 2021-22 तक आयुष मंत्रालय के आयुष छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति कार्यक्रमों के तहत, अध्ययन करने वाले आयुष अध्येताओं (उनके मूल देश के साथ) का वर्ष-वार वितरण **संलग्नक-क** पर दिया गया है।

(ग): आयुष चिकित्सा पद्धतियों के बारे में प्रामाणिक सूचना के प्रसार और विभिन्न आयुष प्रचार कार्यकलापों को शुरु करने के अधिदेश के साथ विदेशों में आयुष सूचना प्रकोष्ठ स्थापित किए गए हैं। आयुष मंत्रालय ने 35 विदेशी राष्ट्रों में 39 आयुष सूचना प्रकोष्ठों को स्थापित करने का समर्थन किया है। हाल ही में, जापान में 9 मार्च, 2023 को नवीनतम आयुष सूचना प्रकोष्ठ का उद्घाटन किया गया। 2019 में आयुष मंत्रालय के तकनीकी सहयोग से मिनिस्ट्री ऑफ पब्लिक हेल्थ, क्यूबा द्वारा हवाना (क्यूबा) में एक हेल्थ सेंटर यथा पंचकर्म सेंटर की स्थापना की गई। क्यूबा द्वारा हस्ताक्षरित देश-दर-देश समझौता ज्ञापन के तहत, नवम्बर, 2019 में आयुष मंत्रालय ने हवाना, क्यूबा में पंचकर्म सेंटर के लिए सेवाएं प्रदान करने हेतु एक आयुर्वेद विशेषज्ञ तथा दो आयुर्वेद थैरेपिस्ट की नियुक्ति की है।

*****

संलग्नक-क

क्र.सं.	देश का नाम	अध्येताओं की संख्या					
		2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22
1	अफ़ग़ानिस्तान	4	0	0	1	2	0
2	आर्मीनिया	0	1	0	0	0	0
3	ऑस्ट्रिया	0	1	0	0	0	0
4	बांग्लादेश	0	1	0	7	10	10
5	भूटान	2	0	0	2	0	0
6	बोलीविया	0	0	0	0	0	1
7	ब्राज़िल	1	1		1	1	5
8	क्रोएशिया	0	0	1	1	0	0
9	मिस्र	1	0	0	0	0	1
10	फ़िजी	0	0	1	0	0	0
11	जर्मनी	0	1	1	0	0	0
12	घाना	0	0	0	0	0	6
13	यूनान	0	0	0	0	1	0
14	इंडोनेशिया	0	0	0	1	1	0
15	ईरान	3	3	1	2	0	2
16	जापान	0	1	0	0	1	0
17	केन्या	2	0	0	0	0	0
18	मलेशिया	6	0	4	0	0	1
19	मॉरीशस	0	0	0	0	2	0
20	मोज़ाम्बिक	0	0	0	1	0	0
21	नेपाल	26	19	23	22	24	24
22	नीदरलैंड	0	0	0	0	1	0
23	निकारागुआ	1	0	0	0	0	0
24	पुर्तगाल	0	1	1	0	0	0
25	रोमानिया	0	1	0	0	0	0
26	रूस	3	0	2	1	0	1
27	सिंगापुर	0	0	1	0	0	0
28	दक्षिण अफ्रीका	0	0	0	0	1	0
29	दक्षिण कोरिया	0	0	0	1	1	0
30	श्रीलंका	9	1	16	14	7	9
31	सूरीनाम	0	0	1	0	0	0
32	स्विट्ज़रलैंड	1	0	0	0	0	0
33	सीरिया	0	0	0	0	1	1
34	तंजानिया	2	0	0	0	0	0
35	थाईलैंड	2	0	0	0	0	0
36	ट्रिनिडाड और टोबैगो	0	0	1	0	0	0
37	तुर्किए	0	0	0	1	0	0
38	सं.रा. अमरीका	0	0	1	1	0	1
39	वेनेजुएला	0	0	1	0	0	0
40	वियतनाम	0	0	0	0	1	0
41	जाम्बिया	0	0	0	0	0	1